Seventeenth Loksabha

an>

11.01hrs

Title: Speaker made references to the passing away of Shri Krishnamraju, member of 12th Lok Sabha, Shri Dhanik Lal Mandal, member of 6th and 7th Lok Sabha, Shri Phoolchand Verma, Member of 5th, 6th, 7th, 9th and 10th Lok Sabha, Shri Gadakh Tukaram Gangadhar, Member of 14th Lok Sabha, Shri T. Radhakrishnan, Member of 16th Lok Sabha, Shri Mohan Jena, Member of 14th and 15th Lok Sabha and Shri Ranjit Singh, Member of 16th Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं अत्यंत दुःख के साथ, सभा को हमारे सात पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूं।

श्री कृष्णमराजू अविभाजित आँध्र प्रदेश के काकीनाड़ा तथा नरसापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बारहवीं और तेरहवीं लोकसभा के सदस्य थे।

श्री कृष्णमराजू वित्त संबंधी समिति और संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना समिति (एमपीएलएडीएस) के सदस्य रहे।

श्री कृष्णमराजू ने विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में केन्द्रीय राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री कृष्णमराजू का निधन 82 वर्ष की आयु में 11 सितंबर, 2022 को हैदराबाद में हुआ।

श्री धनिक लाल मंडल बिहार के झंझारपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी और सातवीं लोकसभा के सदस्य थे।

वे लोक सभा की नियम समिति के सदस्य भी रहे।
श्री मंडल ने भारत सरकार में गृह राज्य मंत्री के रूप में तथा हरियाणा एवं राजस्थान के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया।
श्री मंडल तीन कार्यकालों के लिए बिहार विधान सभा के सदस्य रहे तथा वर्ष 1967 से 1969 तक बिहार विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

श्री धनिक लाल मंडल का निधन 90 वर्ष की आयु में 13 नवम्बर, 2022 को चंडीगढ़ में हुआ।

श्री फूलचंद वर्मा मध्य प्रदेश के उज्जैन तथा शाजापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से पाँचवीं, छठी, सातवीं, नौवीं और दसवीं लोकसभा के सदस्य थे।
एक योग्य सांसद, श्री वर्मा प्राक्कलन समिति और आवास समिति के सदस्य रहे।
इससे पहले, श्री वर्मा मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे तथा मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री फूलचंद वर्मा का निधन 83 वर्ष की आयु में 16 नवम्बर, 2022 को मुम्बई में हुआ।

श्री गडाख तुकाराम गंगाधर महाराष्ट्र के अहमदनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे।
श्री तुकाराम खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण तथा कृषि संबंधी समितियों के सदस्य रहे।

श्री गडाख तुकाराम गंगाधर का निधन 69 वर्ष की आयु में 2 दिसम्बर, 2022 को अहमदनगर, महाराष्ट्र में हुआ।

श्री टी. राधाकृष्णन तमिलनाडु के विरुधुनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 16वीं लोक सभा के सदस्य थे।
श्री राधाकृष्णन वाणिज्य संबंधी समिति के सदस्य रहे।

श्री टी. राधाकृष्णन का निधन 67 वर्ष की आयु में 11 दिसम्बर, 2022 को विरुधुनगर, तमिलनाडु में हुआ।

श्री मोहन जेना ओडिशा के जाजपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे। एक योग्य सांसद, श्री जेना ने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया। श्री मोहन जेना का निधन 65 वर्ष की आयु में 12 दिसम्बर, 2022 को भुवनेश्वर में हुआ।

श्री रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा पंजाब के खडूर साहिब संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोलहवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री ब्रह्मपुरा लोक लेखा समिति, नियम समिति और विदेशी मामलों संबंधी समिति के सदस्य रहे।

इससे पहले, श्री ब्रह्मपुरा चार कार्यकालों के लिए पंजाब विधान सभा के सदस्य रहे तथा पंजाब सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया। श्री रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा का निधन 85 वर्ष की आयु में 13 दिसम्बर, 2022 को चंडीगढ़ में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

11.06hrs.

The Members then stood in silence for a short while.

ॐ शांति: शांति: शांति:

____